दैनिक

प्रातः कालीन

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करें-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 205 मुरादाबाद, 15 November 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### अद्भुत है रामनगर की काली पूजा: प्रसाद के रूप में ले जाते हैं ईंट-मिट्टी और खर पतवार, दशकों से चली आ रही परंपरा

ईंट के बदले उसकी कीमत समिति के पास जमा कर दी जाती है जिसे समिति अन्य कामों में इस्तेमाल कर लेती है। यह पूजा गंगा जमुनी तहजीब की जीती जागती मिसाल है। पूजा आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले विपिन सिंह बताते हैं कि पूजा में मुस्लिम भाई भी सहयोगी की भूमिका निभाते हैं। करीब तीन दशक से हो रही रामनगर की काली पूजा विरल और अद्भुत है। तड़क-भड़क से दूर स्वाभाविक से लगने वाले पंडाल, पूजा मंडप और आडंबर से बहुत दूर की साज सज्जा इस पूजा को दिव्य और खास बना देती है। खास बात ये कि इस पूजा के प्रसाद के रूप में लोग यहां के मंडप में लगने वाली ईंट और मिट्टी ले जाते हैं। काली पूजा समिति की ओर से इस काली पूजा का आयोजन रामनगर चौक में होता है। इस पूजा का सबसे खास आकर्षण यहां का पूजा मंडप है। ईंट और मिट्टी के साथ साथ खर पतवार से यह मंडप बनता है। मंडप बनाने में दो हजार नई ईंटों का इस्तेमाल होता है। ईंटों का बेस बनाकर उसमें मिट्टी भरकर पूजा मंच बनाया जाता है। फिर गोबर से लेप कर दिया जाता है। इसके चारों तरफ खर पतवार से घेर कर मंडप तैयार किया जाता है। इसी स्वाभाविक मंडप में रविवार की रात मां काली की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा की गई। दो दिवसीय पूजा समारोह के लिए रामनगर चौक को विद्युत झालरों से सजाया गया। पूजा समापन के बाद इस मंडप में लगे ईंट, मिट्टी या अन्य सारे सामान लोग प्रसाद के रूप में ले जाते हैं। जमा कराई जाती है ईंट की कीमत- ईंट के बदले उसकी कीमत समिति के पास जमा कर दी जाती है जिसे समिति अन्य कामों में इस्तेमाल कर लेती है। यह पूजा गंगा जमुनी तहजीब की जीती जागती मिसाल है। पूजा आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले विपिन सिंह बताते हैं कि पूजा में मुस्लिम भाई भी सहयोगी की भूमिका निभाते हैं। हमारा उद्देश्य तीस साल से चली आ रही परंपराओं को निभाना है। तड़क-भड़क से दूर रहकर पूजा को भव्य रूप प्रदान करने में हर कोई अपनी भागीदारी निभाता है। बैकुंठ केसरी, पप्पू खान, अनिल सिंह, भानु प्रताप सिंह आदि ने सक्रिय भागीदारी की।

## आपका ये प्यार कइयों की नींद खराब कर रहा, शाजापुर में PM मोदी बोले- जहां-जहां कांग्रेस आई, तबाही लाई



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के शाजापुर में कहा कि आपका ये प्यार कइयों की नींद खराब कर रहा है उनके चेहर से हंसी गायब हो रही है। पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि आप उनका इंटरव्यू देखिए वे लोग बड़े दुखी नजर आते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश में इस बार एक नया रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के शाजापुर में कहा कि आपका ये प्यार कइयों की नींद खराब कर रहा है, उनके चेहर से हंसी गायब हो रही है। पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि आप उनका इंटरव्यू देखिए, वे लोग बड़े दुखी नजर आते हैं।पीएम मोदी ने शाजापुर में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में इस बार एक नया रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। उन्होंने कहा, मैं पिछले दिनों मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों से मिला हूं और उन्होंने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। आप लोगों का जो भरोसा, जो विश्वास भाजपा पर दिख रहा है, वो अद्भुत है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को जमीन पर गरीब नजर आते ही नहीं है। कांग्रेस हवा में उड़ रही है। कांग्रेस सातवें आसमान में उड़ रही है। कल कांग्रेस के एक ज्ञानी कह रहे थे कि भारत के सभी लोगों के पास मेड इन चाइना मोबाइल फोन होता है। अरे मूर्खों के सरदार, कांग्रेस के नेताओं को अपने देश की उपलब्धि न देखने की आदत हो गई है। पता नहीं विदेश के कौन से चश्में पहने है। आज भारत मोबाइल का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। आज पूरा देश लोकल के लिए वोकल हो रहा है। भारतीयों के बनाए उत्पाद देश खरीद रहा है। इस बार दिवाली में पौने चार लाख करोड़ रुपये की खरीदारी की और भारत की बनी चीजों की की। पहले इतना खर्चा होता था तो आधा माल बाहर का होता था। कांग्रेस को ये बोलने में क्यों शर्म आती है। कांग्रेस ने एक बार भी लोकल के लिए वोकल होने की बात नहीं की है। कांग्रेस की विदेशों से कोई सांठगांठ है। भाजपा सरकार बैतूल के गुड़ को एक जिला एक उत्पाद के लिए बढ़ा रही है। भाजपा की डबल इंजल सरकार लोकल ट्यूरिज्म को बढ़ावा देगी। वोट अपील करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हर बूथ पर कमल खिलना चाहिए। मेरी माताएं बहनें कमल के फूल के लिए मेहनत कर रही हैं। जनजातीय दिवस पर केंद्र सरकार एक महत्वपूर्ण योजना शुरू करने जा रही है। गरीब कल्याण के लिए भाजपा आगे बढ़कर काम करती है। हमने मुफ्त राशन की योजना शुरू की। मेरे देशवासियों को मैं नसीब पर छोड़ नहीं सकता। उस काम को करने में मैं अपनी पूरी शक्ति खपा देता हूं। मैंने निश्चय किया था कि किसी के भी घर का चूल्हा बुझना नहीं चाहिए। इसलिए मैंने अन्न के भंडार खोले। राशन घर-घर पहुंचाया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि पहले वाले सोए पड़े थे, लेकिन गरीब का ये बेटा काम कर रहा है। भाजपा सरकार सुविधाएं दे रही है। जब ऐसे काम होते हैं तभी देश को भरोसा होता है, मोदी की गारंटी मतलब हर गारंटी पूरी होने की गारंटी। भाजपा ने जो संकल्प पत्र घोषित किया है वो एमपी के लोगों के विकास का पत्र है। कांग्रेस पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ 6 वनोपज पर एमएसपी देती थी, उनके नेता आकर भाषण झाड़ते हैं जबकि भाजपा 90 वनोपज को एमएसपी देती है। हमारे देश में ढाई करोड़ किसान मोटा अनाज उगाते हैं। ऐसे किसानों के बारे में पहली बार भाजपा ने ही सोचा है। मोटे अनाज को श्री अन्न की पहचान देती है। पीएम मोदी ने कहा कि जी20 में बड़े-बड़े देशों से आए मेहमानों को मोटे अनाज को परोसा गया था। अमेरिका में व्हाइट हाउस में भी मोटा अनाज परोसा गया था। मक्का आज दुनिया के देशों में जा रहा है। भाजपा इथेनॉल प्लांट लगा रही है, जिससे किसानों को मक्के का ज्यादा पैसा मिलना शुरू हुआ था। एमपी में कांग्रेस की हार निश्चित है। उसके नेताओं पर एक और साइड इफेक्ट हुआ है। उसके नेता बौखला गए हैं। कांग्रेस के नेताओं ने अधिकारी-कर्मचारियों को धमकाना शुरू कर दिया है। लेकिन अधिकारियों को डरने की जरूरत नहीं है। एमपी में आज भी भाजपा है 3 दिसंबर के बाद भी भाजपा होगी। कांग्रेस के धमकीबाज नेताओं की खुद की कुछ भी गारंटी नहीं है। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस आई तबाही लाई। जैसे-जैसे 17 नवंबर पास आ रहा है। कांग्रेस की पोल खुलती जा रही है। कांग्रेस ने खुद को भाग्य भरोसे छोड़ दिया है। साधु महत्मा के पास डोरे धागे के लिए जा रहे हैं, कुछ नसीब खुल जाए। कांग्रेस के पुराने लोग तो नजर ही नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस के कुछ लोग तो घर पर ही बैठ गए हैं। उनका बाहर निकलने का मन नहीं कर रहा है। कांग्रेस ने मान लिया है कि मोदी का गारंटी के सामने कांग्रेस के झूठे वादे टिक नहीं पाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक आदिवासी समाज के वोट बटोरे, लेकिन सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल जैसी सुविधाओं से वंचित रखा। आप याद रखिएगा कांग्रेस जो वादा करती है वो पूरा कभी नहीं करती। पिछली बार कर्ज माफी का वादा ये डेढ़ साल में पूरा नहीं कर पाए। भाजपा जितना वादा करती है उससे ज्यादा पूरा करती है।

## 'BJP को मारकर भगाया', राहुल गांधी ने मारपीट वाले बयान से लिया यू-टर्न; MP में इतनी सीटों पर जीत का किया दावा



मध्य प्रदेश के विदिशा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए एक विवादित बयान दे दिया। राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में हमनें इन्हें ( बीजेपी ) मार के भगाया। हिमाचल प्रदेश में मार के भगाया है। उन्होंने आगे कहा कि पांच साल पहले आप सभी ने मध्य प्रदेश में सरकार के लिए कांग्रेस पार्टी को चुना था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विदिशा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। बीजेपी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि हम बीजेपी ले लड़ते हैं। कर्नाटक में हमनें इन्हें ( बीजेपी ) मार के भगाया। हिमाचल प्रदेश में मार के भगाया है। हालांकि, उन्होंने तुरंत अपनी बात बदल ली और कहा कि हमनें नफरत से नहीं बल्कि मोहब्बत से उन्हें भगाया है। हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। हम अहिंसा के सिपाही हैं, मारते नहीं। मध्य प्रदेश में हमनें प्यार से मारकर भगाया है।भाजपा ने एमपी की चुनी हुई सरकार चुरा ली राहुल गांधी -उन्होंने आगे कहा, पांच साल पहले आप सभी ने मध्य प्रदेश में सरकार के लिए कांग्रेस पार्टी को चुना था। आपने बीजेपी को नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी को चुना था। उसके बाद बीजेपी नेता नरेंद्र मोदी, शिवराज सिंह चौहान और अमित शाह ने मिलकर विधायक खरीदे और मध्य प्रदेश की चुनी हुई सरकार चुरा ली। करोड़ों रुपए देकर कांग्रेस पार्टी के विधायक खरीद लिए, आपके फैसले को, आपके दिल की आवाज को भाजपा नेताओं ने और प्रधानमंत्री ने कुचल दिया। आपके साथ धोखा हुआ है।

### जीत को लेकर राहुल गांधी ने किया यह दावा

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आगे कहा, मैं अब तक कई बार मध्य प्रदेश का दौरा कर चुका हूं। मैं शत-प्रतिशत बता सकता हूं कि यहां कांग्रेस पार्टी का तूफान होगा। आप लिख लीजिए, मध्य प्रदेश की जनता कांग्रेस पार्टी को 145-150 सीटें देने जा रही है।卐बता दें कि 17 नवंबर को मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होना है। वहीं, 3 दिसंबर को मतगणा होगी

## टनल में फंसी 40 जिंदगीयों को बचाने की जंग जारी, सभी मजदूर सुरक्षित; CM धामी ने दिए ये निर्देश





चारधाम परियोजना के तहत निर्माणाधीन सिलक्यारा-पोल गांव सुरंग में पिछले 50 घंटे से अधिक समय से 40 श्रमिकों की जिंदगी कैद है। इन श्रमिकों को निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।दीपावली के दिन उत्तरकाशी में बड़ा हादसा हुआ। चारधाम परियोजना के तहत निर्माणाधीन सिलक्यारा-पोल गांव सुरंग में पिछले 50 घंटे से अधिक समय से 40 श्रमिकों की जिंदगी कैद है। इन श्रमिकों को निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। देहरादून से ऑगर ड्रिलिंग मशीन रात तीन बजे पहुंची। इस मशीन को स्थापित करने का कार्य चल रहा है। श्रमिकों को निकालने के लिए हरिद्वार बादराबाद से 900 एमएम के पाइप भी पहुंच गए हैं। टनल में फंसे मजदूरों तक मंगलवार को पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।सीडीओ गौरव कुमार ने कहा कि मैं अभी टनल के अंदर गया था। हमारे कर्मियों से लगातार संवाद किया जा रहा है। आज सुबह 10 बजे उनसे बात की गई थी। वे सभी सुरक्षित और स्वस्थ हैं। खाने-पीने के सामान और पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तरकाशी के सिलक्यारा के पास टनल में फंसे श्रमिकों के बारे में अधिकारियों से निरंतर जानकारी ले रहे हैं। राहत एवं बचाव के कार्यों में लगी एजेंसियों से भी मुख्यमंत्री हर पल की अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि मौके पर तैनात जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं वहां पर कार्य कर रही एजेंसियों से निरन्तर समन्वय बनाकर रखें, राहत सामग्री की किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर, शीघ्र उपलब्ध कराई जाए।सीडीओ गौरव कुमार ने कहा कि सीएमओ ने कुछ दवाओं की भी व्यवस्था की है। उन्हें मजदूरों तक भेजा जा रहा है। जहां तक बचाव का सवाल है, पाइप पुशिंग शुरू होने वाली है। उसके लिए प्लेटफॉर्म तैयार है। हम अपने शेड्यूल के मुताबिक प्रगति कर रहे हैं। उम्मीद है कि प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जल्द ही।सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए ऑगर मशीन मंगलवार की सुबह साढ़े चार बजे पहुंची। अभी तक 19 एमएस पाइप सिलक्यारा पहुंच चुके हैं। एक पाइप की लंबाई छह मीटर है। सिंचाई विभाग की विशेषज्ञ टीम स्टील पाइप को सफलतापूर्वक स्थापित किये जाने में सहायता के लिए परियोजना स्थल पर तैनात किया गया है। घटना स्थल पर स्टेजिंग एरिया एक्टिवेट किया गया है। स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर स्थापित किया गया है, जिसमें 6 बेड की व्यवस्था सहित पर्याप्त चिकित्सा सामग्री रखी गयी है।

## राजभर का बड़ा बयान, बोले- इंडिया गठबंधन के कई नेता मेरे संपर्क में, मंत्रिमंडल विस्तार के बाद निर्णय लूंगा



सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर का कहना है कि मंत्रिमंडल विस्तार के बाद निर्णय लूंगा कि मुझे कहां जाना है? सभी नेता ऐसे ही होते हैं पता नहीं कौन, कहां पलट जाए।यूपी के मंत्रिमंडल में शामिल होने की अटकलों को बीच एनडीए के सहयोगी दल सुभासपा के नेता ओम प्रकाश राजभर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता हमारे संपर्क में हैं। मंत्रिमंडल विस्तार होने के बाद फैसला लेंगे कि किसके साथ रहना है।उन्होंने अखिलेश यादव के साथ जाने के सवाल पर कहा कि सभी नेता दो मुंहे सांप होते हैं। उनमें से मैं भी एक हूं।

कौन, कब, कहां पलट जाएगा पता नहीं। राजभर के इस बयान ने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। इसे उनकी दबाव बनाने की रणनीति भी माना जा रहा है। राजभर के एनडीए में शामिल होने के बाद से ही उनके मंत्री बनने की अटकलें लगाई जा रही थीं। पहले कहा जा रहा था कि वह दशहरा तक शपथ ले लेंगे पर अभी तक उन्हें इंतजार करना पड़ रहा है। उनका यह बयान इसी निराशा को बयान कर रहा है। सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर का कहना है कि मंत्रिमंडल विस्तार के बाद निर्णय लूंगा कि मुझे कहां जाना है? सभी नेता ऐसे ही होते हैं पता नहीं कौन, कहां पलट जाए।यूपी के मंत्रिमंडल में शामिल होने की अटकलों को बीच एनडीए के सहयोगी दल सुभासपा के नेता ओम प्रकाश राजभर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता हमारे संपर्क में हैं। मंत्रिमंडल विस्तार होने के बाद फैसला लेंगे कि किसके साथ रहना है।उन्होंने अखिलेश यादव के साथ जाने के सवाल पर कहा कि सभी नेता दो मुंहे सांप होते हैं। उनमें से मैं भी एक हूं। कौन, कब, कहां पलट जाएगा पता नहीं। राजभर के इस बयान ने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। इसे उनकी दबाव बनाने की रणनीति भी माना जा रहा है। राजभर के एनडीए में शामिल होने के बाद से ही उनके मंत्री बनने की अटकलें लगाई जा रही थीं। पहले कहा जा रहा था कि वह दशहरा तक शपथ ले लेंगे पर अभी तक उन्हें इंतजार करना पड़ रहा है। उनका यह बयान इसी निराशा को बयान कर रहा है।

## संपादकीय Editorial

# There are solutions to pollution

The very next day of Diwali, the air of the capital Delhi and many surrounding areas again became 'poisonous'. The relief that had come after some drizzle was wiped out by one night of the festival. A large number of firecrackers, bombs and fireworks were burnt and burst till midnight, giving falsity to the festival of Diwali, faith and human sentiments.

No one was concerned about pollution nor was it concerned about its deadly effects. The toxic result is that the air quality index has crossed 300. This is 'very bad' category pollution, hence it is also serious for health. Actually this index remained more than 400 last week. Now it is not just pollution caused by stubble burning. Lakhs of vehicles regularly ply on the roads in the capital Delhi and surrounding areas. Construction works continue throughout the year and their dust has proven to be extremely dangerous. However, the Delhi government has currently banned construction works. Garbage is burnt in every street and locality, hence its smoke also creates poisonous pollution.

Stubble burning contributes about 38 percent to pollution. From September 15 to November 10 this year, a total of 23,620 incidents of stubble burning were recorded in Punjab and this figure was 1676 in Haryana. In both the states, the incidents of stubble burning have reduced compared to the last 3 years. Despite this, pollution has continued to increase. Actually we do not question our beliefs and festivals.

In which faith is advice given against bursting poisonous, explosive firecrackers? Which beliefs and festivals are against human health? Do you know that about 16.7 lakh deaths occur every year due to pollution? An average of 4639 deaths every day and 1.39 lakh deaths every month! Are these normal figures? The Supreme Court will continue to rebuke or issue warnings. Such statements will continue to emerge that we cannot see common citizens dying just like that. The court's displeasure has no effect on political parties, their leaders and governments, because they are made of such material.

If the courts sentence the concerned minister or chief minister to 'symbolic jail', then their eyes may be opened. Due to pollution, governments keep giving orders to close schools, offices, industries etc. Are these any solutions? Incidentally, it is important to mention that pollution was a serious problem in the cities of London in Britain and Beijing in China, but they made long-term policies and made honest efforts, as a result today the air quality index there remains on an average 25-30.

In India itself, the average air index of Bengaluru is 35-40. Why can't this be done in the areas of the capital Delhi? NITI Aayog member Ramesh Chand, during an interview, had suggested a solution that a market could be created for stubble and crop residues.

There is some market for the fodder or stubble left in the fields after mechanical harvesting and it can be expanded further. Plants that produce compressed biogas, ethanol, etc., sugarcane waste, cotton stalks, corn cobs etc. can also be included in a certain market.

If the demand for hay and straw increases, there will be no need to burn stubble.

# Perspective: Indigenization is the only way to reduce dependence on Russia and Israel in defense procurement.

We are dependent on Russia and Israel for defense imports, but currently both are engaged in war, which is impacting our defense purchases. In such a situation, indigenization is the only way forward. Although we have made improvements in defense procurement, a lot still remains to be done. According to the Stockholm International Peace Research Institute (SIPRI), Russia and Israel accounted for 62 percent of India's defense imports between 2016 and 2020. India regularly makes defense purchases from Israel such as surveillance sensors, unmanned aerial vehicles, missile guidance systems and precision munitions. Amidst the discussion regarding defense indigenization, the importance of such imports remains intact. During the Kargil war, Israel supplied important military hardware to India, which significantly helped in ensuring military victory over Pakistan. Similarly, in February 2019, Mirage 2000-H fighter planes of the Indian Air Force used Israeli Crystal Maze MK-2 missiles to attack terrorist training camps in Balakot. The ongoing war in Ukraine has significantly affected military platform deliveries from Russia. Russia has supplied arms worth about $13 billion in the last five years. Beyond this, there is a demand for additional supply of $10 billion. Russia's situation has become quite complicated due to the ongoing war in Ukraine. Meanwhile, the Israeli military's offensive on Gaza continues. This will affect India's arms supply. In such a situation, defense indigenization is the only way forward. For this, there is a need to increase India's defense expenditure in the direction of modernization. Our defense budget is now equal to that of Russia. But most of the amount is allocated for salary/pension. The Defense Ministry's budget for FY2024 is Rs 5.94 lakh crore with limited provision for capital expenditure. In this, only Rs 1.63 lakh crore has been kept for capital outlay related to military modernization and infrastructure development. Capital expenditure expenditure of the defense budget averaged 32 per cent between 2008-2012, which declined to 27 per cent between 2013-2017 and 23 per cent between 2018-2022. Thus, during this period, expenditure on research and development work fell from 5.1 percent to 4.5 to 4.3 percent. Change in defense procurement is the need of the hour. Indeed, there have been significant improvements in India's defense procurement process. There have been eight amendments to the defense acquisition process since 2002. But this process is still complex. Currently, defense acquisitions have to go through a complex 12-step process. There are many procedural hurdles, from issuing global and domestic RFIs and subsequently defining detailed requirements and specifications to getting the go-ahead from the Ministry of Defense and the Cabinet Committee on Security. Typically, a military acquisition can take more than a decade. . For example, we can see the case of purchase of 56 C-295 medium transport aircraft. To improve this, a Defense Capability Acquisition Organization was proposed by a committee constituted by Manohar Parrikar in 2015. The time has now come to establish such an organization. Indigenization must be encouraged. In this direction, the recent move to ban the import of 98 weapons in the positive indigenization list released by the Defense Minister is welcome. India needs a strong military industrial complex. The private sector of the country should be encouraged to enter the defense sector. The Defense Ministry should learn lessons from its past experiences. For example, DefExpo was suddenly postponed in March 2022. Whereas about a thousand companies had stalls in it and significant logistics costs were incurred in the exhibition. Defense procurement is also necessary to keep key skills alive. Take the development of the Akash surface-to-air missile system. It was developed through a public-private partnership in 2008 and was certified by the Defense Ministry for the supply of 11,800 parts to 3,000 vendors. This trend is repeated again and again. Tejas received its first order 19 years after its first flight. India's private sector should come forward to resolve quality issues in defense manufacturing. Low technology defense products are being disrupted due to technical glitches, component failure and limited operational/service support to customers after the deal. A lot of damage has also been caused due to accidents. Of the seven Advanced Light Helicopters sold to Ecuador in 2009, four contracts were canceled for different reasons. This also hurt our credibility. The Advanced Light Helicopters (ALHs) are plagued with technical glitches and emergency landings. This is creating uncertainty in the minds of potential users. More exports can help in quality improvement. The Defense Production and Export Promotion Policy, 2020 envisages a defense industry worth $25 billion by 2025. Due to this, annual exports were estimated at five billion dollars. In fact, India has lagged behind in the competition for arms exports. Public sector players are struggling to compete in the international market. Although the recommendations of the Kelkar Committee (2005) have certainly improved defense procurement processes, a lot still remains to be done. BrahMos supersonic cruise missile to Philippines to increase defense exports Recent sales of batteries may be a promising sign. This will require encouraging its private sector to explore international markets and develop partnerships with buyers through diplomatic efforts and subsidies. As India moves towards becoming the third largest economy in the next decade, it will need a strong defence-industrial complex, capable of meeting defense requirements at the scale and required quality.

# Assessment: Apart from the race for space mining, minerals, water and energy, there are also possibilities for innovation.

Space mining provides countless opportunities and possibilities for us. Apart from minerals, water and energy, there are also possibilities of innovation associated with it. The success of India's Chandrayaan-3 and the unique story of India's presence on the South Pole of the Moon has given new energy to space missions! Now, along with space exploration, preparations are also being made to exploit it. Governments and private companies of many countries of the world have set their vulture eyes on the stars not only for exploration but also for exploitation of resources. A global race has begun to discover and exploit the natural resources available in space. Enabled by innovations in the space sector, countries like India and the United Arab Emirates are entering the space energy sector in collaboration with private companies. The US and China are also competing to access these space resources through the Artemis Agreement and the International Lunar Research Station.

Prominent among the technologies being developed for space mining are robotic satellites, which are currently being used for astronomical assessments, mineral harvesting, and scientific research. Technological advances have greatly reduced the cost of lunar missions. This is attributed to spacecraft design driven by reusable rocket technology and the digital revolution. Two American companies – SpaceX and Blue Origin are developing Super Heavy Lift launchers, which can carry large payloads into low Earth orbit. Many other reusable vehicles are being developed around the world. Space resources primarily include water-bearing lunar volatiles and regolith. Lunar water is a valuable resource, because lunar water can be split into hydrogen and oxygen and used as rocket fuel. The Moon's weaker gravity makes it easier to extract water and use it for transportation than Earth's, making it a potential game-changer for space missions. Additionally, the Moon's regolith may provide essential materials for future space missions, including food, water, air, and construction materials. Space resources can also help reduce the environmental impact of terrestrial mining, particularly for nickel, cobalt, and rare earth metals, which are essential for clean, pollution-free energy on Earth. Recent experiments by NASA's Moxie in the US have shown interest in producing oxygen from other planetary resources, such as the atmosphere of Mars. NASA's sights are on Earth's Moon, Venus, Mars, Saturn and Saturn's moons, where it is making preparations for everything from mining of rare metals to exploitation of energy sources. India is also not behind.

After Mars mission, Moon mission and Sun mission, Venus can be our next target. Space has its own environmental challenges. The abundance of rocket launching events cannot help but affect the atmosphere, and the return of material to Earth can have an impact on the climate. Additionally, space mining can disrupt the delicate space environment and pose numerous risks to spacecraft and astronauts. ISRO can make India a space guru in the field of space research and judicious exploitation of space resources. Many secrets of the universe may be hidden in our ancient texts also. It is also necessary to 'mine' the knowledge hidden in ancient Indian texts by re-exploring them. Space mining is a field which provides countless opportunities and possibilities for us. Apart from minerals, water and energy, there are many possibilities of innovation associated with this sector. The astronomical data obtained from these discoveries will further expand our space knowledge. Many other reusable vehicles are being developed around the world. Space resources primarily include water-bearing lunar volatiles and regolith. Lunar water is a valuable resource, because lunar water can be split into hydrogen and oxygen and used as rocket fuel. The Moon's weaker gravity makes it easier to extract water and use it for transportation than Earth's, making it a potential game-changer for space missions. Additionally, the Moon's regolith may provide essential materials for future space missions, including food, water, air, and construction materials. Space resources can also help reduce the environmental impact of terrestrial mining, particularly for nickel, cobalt, and rare earth metals, which are essential for clean, pollution-free energy on Earth. Recent experiments by NASA's Moxie in the US have shown interest in producing oxygen from other planetary resources, such as the atmosphere of Mars. NASA's sights are on Earth's Moon, Venus, Mars, Saturn and Saturn's moons, where it is making preparations for everything from mining of rare metals to exploitation of energy sources. India is also not behind. After Mars mission, Moon mission and Sun mission, Venus can be our next target. Space has its own environmental challenges. The abundance of rocket launching events cannot help but affect the atmosphere, and the return of material to Earth can have an impact on the climate. Additionally, space mining can disrupt the delicate space environment and pose numerous risks to spacecraft and astronauts. ISRO can make India a space guru in the field of space research and judicious exploitation of space resources. Many secrets of the universe may be hidden in our ancient texts also. It is also necessary to 'mine' the knowledge hidden in ancient Indian texts by re-exploring them. Space mining is a field which provides countless opportunities and possibilities for us. Apart from minerals, water and energy, there are many possibilities of innovation associated with this sector. The astronomical data obtained from these discoveries will further expand our space knowledge.

# त्योहार पर ट्रेनों की लेटलतीफी दे रही यात्रियों को दर्द



मुरादाबाद-हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस समेत सात ट्रेनें विलंबित, जयनगर क्लोन स्पेशल ट्रेन 9 घंटे देरी से पहुंची त्योहारी सीजन में भी अधिकांश ट्रेनें समय से नहीं चल पा रही हैं। जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। पहले दिवाली और अब छठ पूजा के चलते गोरखपुर और बिहार की तरफ जाने वाली ट्रेनों में सीट को लेकर मारामारी है। लंबी दूरी की ट्रेनों की लेटलतीफी यात्रियों को दर्द दे रही है। यात्रियों को भी गंतव्य तक पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस समेत सात ट्रेनें विलंबित रहीं। ट्रेनों के देरी से चलने के कारण इसका सीधा असर लोगों की यात्रा पर पड़ रहा है। अभी मौसम में कोहरा भी इतना नहीं है, जिससे ट्रेन घंटों लेट हों। लेकिन, इसके बावजूद भी प्रमुख ट्रेनें समय से नहीं चल पा रही हैं। ट्रेनों की देरी की वजह से बड़ी संख्या में यात्रियों का सफर प्रभावित हो रहा है। हालांकि यात्री ट्रेन लेट होने की शिकायत भी करते हैं, लेकिन इससे कोई फायदा नहीं मिल पाता। दिवाली का त्योहार तो निकल गया, अब भैया दूज व छठ पूजा पर घर पहुंचने में दिक्कत हो रही है। इन दिनों सबसे ज्यादा भीड़ गोरखपुर और बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में देखने को मिल रही है। सोमवार को हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस 4 घंटा 38 मिनट, गंगा सतलुज एक्सप्रेस 30 मिनट, हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रेस 25 मिनट, जयनगर क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस 9 घंटा 10 मिनट, सप्तक्रांति एक्सप्रेस 25 मिनट, जन साधारण एक्सप्रेस 1 घंटा 37 मिनट विलंबित रही। जिसका असर लोगों की यात्रा पर पड़ रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने बताया कि मंडल में ट्रेनों को समय से चलाने के लिए काम किया जा रहा है। त्योहार पर लोगों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

## फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का संचालन कल से

मुरादाबाद। त्योहार पर लोगों की सुविधा के लिए फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जा रही हैं। गाड़ी संख्या 04640-39 श्री माता वैष्णोदेवी-कटरा-कटिहार-श्री माता वैष्णो देवी के बीच आरक्षित ट्रेन चलेगी। यह ट्रेन माता वैष्णो देवी से 15 नवंबर को चलेगी और कटिहार से 17 नवंबर को चलेगी। गाड़ी संख्या 04650-49 अमृतसर-दरभंगा के बीच चलेगी और पूरी तरह आरक्षित होगी। यह अमृतसर से 16 नवंबर को और दरभंगा से 17 नवंबर को चलेगी। गाड़ी संख्या 04006-05 जयनगर-दिल्ली के बीच चलाई जाएगी। यह ट्रेन दिल्ली से 15 नवंबर को चलेगी, जबकि जयनगर से 14 और 17 नवंबर को चलेगी। यह ट्रेन भी आरक्षित होगी। गाड़ी संख्या 04018-17 नई दिल्ली-बापू धाम मोतिहारी के बीच चलेगी। यह नई दिल्ली से 18,21,24 और 27 नवंबर को चलेगी, जबकि बापूधाम से 19,22,25 और 28 नवंबर को चलेगी।

## भैया दूज और छठ पूजा पर ट्रेनों में सीट को मारामारी

मुरादाबाद। भैया दूज और छठ पूजा पर ट्रेनों में सीट को लेकर मारामारी है। कई ट्रेनों में सीट नहीं मिल रही तो कई ट्रेनों में वेटिंग बहुत लंबी है। जिससे यात्रियों को दिक्कत हो रही है। 14 नवंबर को काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में स्लीपर में सीट ही नहीं है। अवध-असम एक्सप्रेस में और पद्मावत एक्सप्रेस में भी स्लीपर में सीट फुल हैं। 15 नवंबर को पद्मावत एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 318 की वेटिंग, थर्ड एसी में 38 वेटिंग है। नौचंदी एक्सप्रेस में स्लीपर में 104 और थर्ड एसी मे 44 वेटिंग है। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस के स्लीपर में 218 वेटिंग है। अवध असम के स्लीपर कोच में 279 और थर्ड एसी में 78 की वेटिंग है। 16 नवंबर को नौचंदी एक्सप्रेस में स्लीपर कोच में 72, पद्मावत एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 227 और राज्यरानी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच 227 की वेटिंग है। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में 106, अवध असम एक्सप्रेस में 216 और सद्भावना एक्सप्रेस में 99 वेटिंग है। 17 नवंबर को पद्मावत एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 198, लखनऊ एक्सप्रेस के स्लीपर में 60, नौचंदी एक्सप्रेस में 62, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 93, अवध असम एक्सप्रेस के स्लीपर में 170 और सद्भावना एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 79 वेटिंग है।

# मझोला में युवती से दुष्कर्म, विरोध करने पर गन्ने से पिटाई, मौके पर लोग पहुंचे तो धमकी दे आरोपी फरार



मुरादाबाद-पुलिस ने पीड़िता के भाई की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। उसका आरोप है कि बहन पर आरोपियों ने हमला कर उसे घायल कर लिया। जब वह मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग निकलेमझोला थाना क्षेत्र के गांव में एक युवती के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी और उसके साथी ने गन्ने से उसकी पिटाई की। शोर-शराबा सुनकर लोग आए तो आरोपी उन्हें धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। 20 वर्षीय पीड़ित युवती के भाई ने मझोला थाने में क्षेत्र के लोधीपुर जवाहर नगर निवासी विशाल और उसके साथी अरविंद उर्फ फास्टर के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और एससी एसटी एक्ट में केस दर्ज कराया है। जिसमें उसने बताया कि उसका परिवार अनुसूचित जाति से है। 12 नवंबर की दोपहर करीब दो बजे उसकी 20 वर्षीय बहन गन्ने के खेत से रोते हुए बाहर निकल रही थी। उसके पीछे पीछे विशाल हाथ में गन्ने लेकर उसे पीटते हुए आ रहा था। जिसे पीड़िता के चचेरे भाई और गांव के अन्य लोगों ने देखा था। इसी दौरान आरोपी पीड़िता के चचेरे भाई व अन्य लोगों को धमकी देकर मौके से भाग गया। पीड़िता ने घर पहुंचकर अपनी भाभी को आपबीती सुनाई, जिसमें पीड़िता ने बताया कि विशाल ने उसके साथ गन्ने के खेत में दुष्कर्म किया। इसी दौरान आरोपी के साथ उसका साथी अरविंद उर्फ फास्टर खेत के बाहर मौजूद रहा। बाद में दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जाति सूचक शब्द कहकर उसे अपमानित भी किया। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जाबांजी से बचाई जान: हिंदू महिला को बचाने को मुस्लिम युवक नदी में कूदा, घरेलू बात से नाराज होकर लगाई थी छलांग



मुरादाबाद-घरेलू विवाद से नाराज होकर महिला नदी में कूद गई। इसे देख मौके पर मौजूद युवक ने उसे बचाने के लिए छलांग लगा दी। इसके बाद उसे बचाकर पति के हवाले कर दिया। घरेलू विवाद से नाराज एक हिंदू महिला रामगंगा घाट पर नदी में कूद गई। मछली पकड़ रहे रवाना गांव निवासी इंत्याज ने महिला को कूदते देख नदी में छलांग लगा दी और उसे बाहर निकाल लिया। सूचना पर पुलिस के साथ लेखपाल भी पहुंच गए। बाद में महिला के पति को बुलाकर उसके सुपुर्द कर दिया गया। तहसील क्षेत्र के तेलीपुरा-मझरा गांव के रामगंगा घाट पर सोमवार को एक महिला आई और आत्महत्या के लिए नदी में कूद गई। नदी किनारे रवाना गांव निवासी इंत्याज मछली पकड़ रहा था। महिला को कूदते देखकर वह भी नदी में कूद गया और कड़ी मशक्कत कर उसे नदी से बाहर निकाल लिया। बाहर निकाले जाने के बाद भी महिला आत्महत्या की बात कर रही थी। इसके बाद इंत्याज ने अपने भाई शकील बेग को सूचना दी। उनकी सूचना पर लेखपाल मुकेश, देवराज के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। महिला का दुपट्टा नदी में बह गया था तो शकील ने महिला को जैकेट दी। महिला ने खुद को स्थानीय गांव का निवासी बताया। कहा कि घर में विवाद के चलते उसने आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने महिला के पति को मौके पर बुलाया और उसके सुपुर्द कर दिया। युवक इंत्याज की लोगों से सराहना की है।

## पारिवारिक विवाद में किसान ने खाया जहर

मसवासी चौकी क्षेत्र के चौहद्दा गांव निवासी किसान ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। हालत बिगड़ी तो डॉक्टर के पास पहुंच गया। डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए उत्तराखंड के काशीपुर के अस्पताल भेज दिया है। मसवासी क्षेत्र के गांव चौहद्दा में हरजीत सिंह व तरसेम सिंह का रुपयों को लेकर विवाद चल रहा था। हरजीत सिंह के तरसेम सिंह के पास कुछ रुपये थे। हरजीत सिंह ने जब अपने रुपये मांगे तो दोनों भाइयो में कहासुनी हो गई। पत्नी को लेकर पुलिस से शिकायत करने चौकी आ गया। जब तरसेन सिंह ने देखा कि उसका भाई शिकायत करने चौकी चला गया तो उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया और डॉक्टर के पास चला गया।

# पाकबड़ा में संदिग्ध परिस्थितियों में स्कूल संचालिका की मौत

मुरादाबाद-परिजनों के आने पर दूसरे दिन मिली पुलिस को सूचना, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं हुई मौत के कारण की पुष्टि, मूलरूप से बिहार की रहने वाली थीं स्कूल संचालिका पाकबड़ा थाना क्षेत्र में एक स्कूल संचालिका की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्कूल प्रबंधन को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। वहीं स्कूल संचालिका के बिहार से परिजन भी आ गए। एसपी सिटी, सीओ हाईवे और पाकबड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। जिसमें मौत की वजह की पुष्टि नहीं हो पई। पुलिस ने बिसरा सुरक्षित रखा है। बिहार में जिला पटना के थाना रूपसपुर में आदर्श विहार कॉलोनी निवासी विमला कुमारी (57) पुत्री कामेश्वर सिंह यादव कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती कैलसा रोड स्थित डॉनवास्को स्कूल की संचालिका थीं। सोमवार की सुबह पाकबड़ा पुलिस को उनकी मौत की जानकारी मिली। जिसके बाद एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, सीओ हाईवे महेश चंद्र गौतम व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर कमरे के अंदर बेड पर शव पड़ा था। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया। फोरेंसिक टीम ने सभी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि शनिवार का बाजार निवासी स्कूल के प्रबंधक अबीऊर सुभहान पुत्र राशिद ने बताया कि रविवार को ही विमला की मौत हो गई थी। जिसकी सूचना उन्होंने परिजनों को दे दी थी। सोमवार की सुबह तड़के परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस को स्कूल संचालिका की मौत की सूचना दी गई। परिजनों ने बताया कि वह काफी लंबे समय से रह रही थी। समय-समय पर बात भी होती थी। उसने कभी कोई परेशानी नहीं बताई। अचानक मौत समझ से परे है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ, जिससे पुलिस ने बिसरा सुरक्षित रखा है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि परिजनों से मिली तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# मुरादाबाद मंडल की शान मोहम्मद शमी गेंदबाजी से दिलाएंगे भारत को विश्वकप, अब तक झटके 14 विकेट

मुरादाबाद-भारतीय टीम ने विश्वकप में लगातार 9 लीग मैच जीतकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया है। टीम अभी तक विश्व कप में सभी मैच जीती है। भारतीय टीम के इस प्रदर्शन में मंडल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का बड़ा योगदान है। अभी तक खेले कुल 4 लीग मैचों में उन्होंने 14 विकेट लिए है। इसमें उनके दो पंजे भी शामिल है। महानगर के क्रिकेट प्रेमियों का कहना है कि इस बार मोहम्मद शमी भारतीय टीम को विश्व विजेता बनाने में अहम योगदान निभाएगे। मंडल ने भारतीय टीम को पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला और मोहम्मद शमी जैसे सितारे दिए हैं। इनके अलावा मोहसिन खान, शिवा सिंह जैसे युवा क्रिकेटर भी भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए पसीना बहा रहे हैं। पीयूष चावला टी 20 विश्व कप 2007 और एकदिवसीय विश्व कप 2011 की विश्वविजेता टीम का हिस्सा रह चुके हैं। लेकिन, मोहम्मद शमी को यह उपलब्धि हासिल नहीं हुई। लेकिन, इस विश्व कप में उनके पास शानदार मौका है। भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में शानदार खेल रही है। जबसे भारतीय टीम ने अंतिम एकादश में मोहम्मद शमी को शामिल किया है, टीम की गेंदबाजी और ज्यादा खतरनाक हो गई है। भारतीय टीम का अगला सेमीफाइनल मैच 15 नवंबर को न्यूजीलैंड के साथ है। जिसमें पूरे मंडल की नजरे मोहम्मद शमी का प्रदर्शन पर रहेंगी। बता दे कि मोहम्मद शमी ने महज 14 पारियां खेलकर ही विश्वकप के इतिहास में अपने 45 विकेट पूरे कर लिए हैं। इस मामले में वो भारत की तरफ से वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर बन गए हैं। विश्वकप 2023 में शमी ने महज चार मैच खेलकर 14 विकेट निकाल लिए हैं। मंडल के क्रिकेट प्रेमियों के उनके सेमीफाइनल मैच को लेकर बहुत उम्मीद रहेंगी।




## पीयूष चावला कमेंट्री में साझा कर रहे अनुभव

महानगर निवासी पूर्व भारतीय लेग स्पिनर पीयूष चावला इस बार कमेंट्री में अपना अनुभव साझा कर रहे हैं। पीयूष महानगर के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए आदर्श हैं। वह टी-20 और एकदिवसीय विश्व विजेता टीम का अहम हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने भारतीय टीम के लिए 7 टी 20 में 4 विकेट, 25 एकदिवसीय में 32 विकेट और 3 टेस्ट में 7 विकेट लिए हैं। साथ ही आईपीएल में विभिन्न टीम के लिए खेलते हुए 181 मैचों में 179 विकेट लिए हैं। पीयूष ने मंडल के युवा खिलाड़ियों के लिए भारतीय टीम में जाने के रास्ते खोले हैं। इस बार वह कमेंट्री में बैठकर महानगर का नाम रोशन कर रहे हैं। साथ ही अपनी अंदाज में कमेंट्री करके सभी का मनोरंजन कर रहे हैं। भारतीय टीम ने घरेलू परिस्थितियों का खूब फायदा उठाया है। भारतीय टीम विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार है। टीम के पास अच्छे बल्लेबाजों के साथ गेंदबाजी भी मजबूत है। -शिवम कुमार, सीनियर क्रिकेट खिलाड़ी, भारतीय टीम हमेशा मजबूत बल्लेबाजी के लिए विश्व में जानी जाती है। लेकिन, इस विश्व कप में जैसे भारतीय टीम के गेंदबाजों ने प्रदर्शन किया है उसने सभी टीमों को अपने सामने बोना साबित किया। -यश शुक्ला, क्रिकेट कोच

मोहम्मद शमी इस भारतीय टीम का अहम हिस्सा हैं। उन्होंने विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकार्ड बनाकर दुनिया भर में मंडल का नाम रोशन किया है। उम्मीद है वह इस बार टीम को विश्व विजेता जरूर बनाएंगे। -विजय गुप्ता, डीएसए सचिव

शमी के इस प्रदर्शन ने मंडल के युवा क्रिकेटरों को एक नई ऊर्जा प्रदान की है। वह युवा क्रिकेटरों के लिए मार्गदर्शक हैं। खासकर तेज गेंदबाजों के लिए। मोहसिन जिस तरह मेहनत कर रहे हैं। वह भी जल्द भारतीय टीम की जर्सी पहनेंगे। -बदरुद्दीन सिद्दिकी, क्रिकेट कोच

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# पनैठी चौकी की 200 मीटर की दूरी पर चोरों ने बनाया एक रिटायर दरोगा की दुकान को निशाना लाखों की चोरी



क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर
अलीगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह को जानकारी फोन पर हुई पनैठी पर मोबाइल की दुकान में लाखों की चोरी हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने जा करके मौके पर थाना अकराबाद इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह जी मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी सजना सिंह मौके पर पहुंची मौके का निरीक्षण किया चौकी प्रभारी में पुलिस के मौके पर पहुंचे पूरी फोर्स चोरी की घटना पर मौके पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी ने दिए कार्रवाई के निर्देश अकराबाद पुलिस इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए अति शीघ्र खुलासा हो जाएगा ऐसा आश्वासन दिया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है अकराबाद पुलिस पर इस चोरी प्रकरण में कार्रवाई पर पूरा भरोसा है मोबाइल संचालक नगला पतेल के बताई जा रहे हैं दुकान के मालिक गौरव सिंह पुत्र सुरेंद्र पाल सिंह दीवान जी ने भी पुलिस पर भरोसा जताया है लाखों के करीब मोबाइल चोरी गए हैं वहां पर सैकड़ो की मात्रा में लोग उपस्थित थे वहीं दुकानदारों में आक्रोश है तीन चोरी होने के बाद भी पुलिस कार्रवाई करने में नाकाम नजर आ रही है

# जाटव पुरा मे बच्चों को कॉपी पेन्सिल देकर चाचा नेहरू जी को याद किया



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा
एटा- कांग्रेस कार्यालय पर आधुनिक भारत के रचनाकार एवं भारत रत्न भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रभारी एटा श्री मुनेंद्र पाल सिंह राजपूत जी नेबताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारत को सोने की चिड़िया के रूप में देखा भारत में शिक्षा के क्षेत्र में पूरे भारत में विश्वविद्यालय बड़े-बड़े हॉस्पिटल यातायात की सुविधा अल्प समय में संपूर्ण किया कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी ने कहा की 1947 में भारत आजाद हुआ था

प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कार्यभार संभाला उस समय देश में, संसाधनों की बहुत ही कमी थी फिर भी देश को खुशहाल बनाने के लिए पूरा प्रयास किया कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी ने कहा कि भारत में आजादी के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश में विभिन्न उद्योग से लेकर शिक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्था को अधिक मजबूत किया, पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में भी मनाया जाता है इसलिए चाचा नेहरू के नाम से भी जाना जाता है। विचार गोष्ठी के बाद जाटव पुरा मे बच्चों को कॉपी पेन्सिल देकर चाचा नेहरू को याद किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सारजेश सिंह यादव एडवोकेट उमेश चंद्र राजपूत अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ जितेंद्र सिंह रियाज अब्बास मोहम्मद तसव्वर मोहम्मद जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया विभाग ओमवीर सिंह राजपूत पुष्पेंद्र कुमार बघेल लल्ला, बाबू शहर अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग अशोक कुमार संजीव गुप्ता आमीर अली एवं अनेक संभ्रांत कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

# मतदान के प्रति जागरूकता हेतु विशेष अभियान का आयोजन 19 नवंबर को



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा
एटा- महिला मतदाताओं की भागीदारी एवं मतदान के प्रति जागरूकता हेतु विशेष अभियान का आयोजन 19 नवंबर को जेण्डर रेशियो मानक से कम वाले मतदेय स्थलों पर संबंधित बीएलओ बूथ पर उपस्थित रहकर एवं भ्रमण कर फार्म 6,7, 8 करेंगे जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सूचित किया है कि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुये मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 कार्यक्रम के अन्तर्गत सूची में महिला मतदाता की भागीदारी एवं मतदान के प्रति जागरुकता बढाये जाने के सम्बन्ध जनपद की समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसे मतदेय स्थल जिसमें जेण्डर रेशियो मानक से काफी कम है, उन मतदेय स्थलों को चिन्हित करते हुए अधिक से अधिक महिला मतदाताओं को निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किये जाने हेतु 19 नवम्बर रविवार (सार्वजनिक अवकाश) को विशेष अभियान चलाया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी में निर्देश दिए कि उक्त के तहत चिन्हित किए गये मतदेय स्थलों से सम्बन्धित बी0एल0ओ0 19नवम्बर को प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक अपने से सम्बन्धित मतदान स्थलों पर उपस्थित रहते हुए क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाता पंजीकरण हेतु फार्म-6, 6ए, 7 एवं 8 प्राप्त करेंगे तथा छूटे हुये 18-19 वर्ष के मतदाता व महिला मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान देंगे। डीईओ ने कहा कि चिन्हित मतदेय स्थलों के सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र में भ्रमण कर आयोग के मानक के अनुसार मतदाता पंजीकरण का कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अति महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए अन्यथा की स्थिति में संबंध के खिलाफ सख्त कार्रवाई की

# विधान सभा चुनाव का बहिष्कार करना सुनिश्चित किया

क्यूँ न लिखूँ सच -रामदास शुक्ला

ग्राम झिरिया 188 पंचायत मझिगवां के मतदाताओं द्वारा दिनांक 17/11/2023 होने वाले विधान सभा चुनाव का बहिष्कार करना सुनिश्चित किया ग्राम झिरिया 188 पंचायत मझगवां तहसील सिरमौर विधानसभा क्षेत्र सेमरिया 69 जिला रीवा मध्य प्रदेश के मतदाताओं के अथक प्रयास के बावजूद निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ग्राम झिरिया मतदान केंद्र का परिवर्तन नही किया गया हैं। गांव के सभी सम्मानित मतदाताओं ने प्रशासन के संबंधित निर्वाचन अधिकारियो से प्रताड़ित होकर मजबूर होकर हतास, होकर सुनिश्चित किया है, कि आगामी दिनांक 17/11/2023 को विधानसभा चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद अगर मतदान केंद्र परिवर्तन नही किया जाता है तो आगामी लोकसभा चुनाव का भी बहिष्कार किया जायेगा। प्रशासनिक अधिकारीयो निर्वाचन द्वारा नागरिकों के भारतीय मौलिक अधिकारो का शोषण किया जा रहा है। भारतीय निर्वाचन आयोग के नियम के तहत स्पष्ट कहा गया है कि 2 किलोमीटर से ज्यादा मतदान केंद्र नही बनाया जायेगा। फिर ग्राम झिरिया का मतदान केंद्र 5 से 6 किलोमीटर क्यों? जिसमे 2 किलोमीटर पगडंडी रास्ता हो। 2-3 पंचवर्षी के पहले हमारे यहां का मतदान केन्द्र मझिगवां था पंचायत के चुनाव में मझगवां ही मतदान केंद्र बनाया जाता है। फिर लभौली मतदान केन्द्र क्यों बनाया गया जिसकी दूरी 5-6 किलोमीटर है। क्या ग्राम झिरिया के मतदाताओं या वार्ड 19, वार्ड 20 के पंचों की सहमति ली गई अगर नही ली गई तो 5-6 किलोमीटर मतदान केन्द्र क्यों बनाया गया? हमारे ग्राम झिरिया में शासकीय 2 बिल्डिंग है एक में आंगनवाड़ी कार्यालय दूसरे में सामुदायिक भवन है, किसी एक में मतदान केंद्र क्यों नहीं बनाया जाता है; ग्राम झिरिया के मतदाताओं को परेशान करने के लिए 5-6 किलोमीटर मतदान केंद्र दिया जाता है। इन तमाम कारणों के वजह से हमारे यहां का मतदान मुश्किल से 10 से 15 प्रतिशत ही पड़ता है। ग्राम झिरिया के सम्मानित मतदाताओं ने भारतीय मीडिया फाउंडेशन मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष आर. डी. शुक्ल के समक्ष रखी गई जिसमे सर्वसम्मति से सुनिश्चित किया गया, कि वर्तमान विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाए कोई भी मतदान करने न जाए। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि श्रीमान भारतीय निर्वाचन आयोग महोदय जी को अवगत कराया जाना आवश्यक है, कि किस प्रकार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नागरिको के मौलिक अधिकारों का शोषण किया जा रहा है। ग्राम किरिया 188 के मतदाताओ की सभा- ग्राम किरिया पंचायत मझिगवा में आम सभा ली गई जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि चुनाव बहिष्कार करना उचित होगा ।



# क्या स्वामी प्रसाद मौर्य के रहते डॉ0नवल किशोर शाक्य का सांसद बनने का सपना पूरा होगा?





क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा
